# भारत - कोमोरोस संबंध

भारत ने जून, 1976 में कोमोरोस संघ के साथ अपने राजनयिक संबंध स्थापित किए। अंटानानारिवो स्थित हमारे मिशन को समवर्ती रूप से कोमोरोस का भी काम सौंपा जाता है। भारत और कोमोरोस के बीच संबंध हमेशा घनिष्ठ एवं मैत्रीपूर्ण रहे हैं। क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर दोनों देशों के विचारों में समानता है।

## कोमोरोस से यात्राएं

वर्ष 2004 से 2015 के दौरान भारत से कोमोरोस की वी वी आई पी / उच्च स्तर पर अनेक दौरे हुए हैं जो इस प्रकार हैं :

| क्रम संख्या | आगंतुक का नाम | यात्रा की तिथि |
|---|---|---|
| 1 | श्री सोउफ मोहम्मद अल-अमिन, विदेश संबंध एवं सहयोग मंत्री | अगस्त, 2004 |
| 2 | श्री अहमद बेन सैद द्जफर, विदेश संपर्क एवं सहयोग मंत्री | जुलाई, 2006 |
| 3 | श्री अहमद अब्दुल्ला मोहम्मद साम्बी, राष्ट्रपति, कोमोरोस | 4 से 26 नवंबर, 2007 |
| 4 | श्री फेह्मी सैद इब्राहिम, विदेश संपर्क एवं सहयोग मंत्री | 18-19 फरवरी 2011 |
| 5 | श्री मोहम्मद इस्माइल राष्ट्रीय शिक्षा मंत्री | 01-02 मार्च, 2012 |
| 6 | श्री मोहम्मद बाकरी बेन अब्दौला फतह शरीफ, विदेश संपर्क एवं सहयोग मंत्री | 02 नवंबर, 2012 |
| 7 | श्री मोहम्मद अली सौलीही प्रभारी उपाध्यक्ष वित्त मंत्रालय | 21-23 फरवरी 2013 |
| 8 | श्री मोहम्मद अली सौलीही प्रभारी उपाध्यक्ष, प्रभारी - वित्त मंत्रालय | 21 अक्टूबर, 2015 |
| 9 | डा. इकिलिलोऊ ढोनाइन, प्रेसिडेंट | 26 से 29 अक्टूबर, 2015 |

## भारत की ओर से यात्राएं

अगस्त 2015 में प्रधानमंत्री के विशेष दूत के रूप में माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री श्री वाई एस चौधरी ने अक्टूबर 2015 में नई दिल्ली में आयोजित होने वाली आगामी भारत - अफ्रीका मंच शिखर बैठक के लिए कोमोरोस के माननीय राष्ट्रपति एवं विदेश मंत्री को निमंत्रण देने के लिए कोमोरोस का दौरा किया।

अक्टूबर 2011 में श्री गुरजीत सिंह, पूर्व अपर सचिव (ई एण्ड एस ए), विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली ने विद्यमान द्विपक्षीय संबंधों को और सुदृढ़ करने के लिए आईलैंड का दौरा किया।

## द्विपक्षीय विकास सहयोग :

भारत के एक्जिम बैंक ने मोरोनी में एक पावर प्लांट की स्थापना के लिए 41.6 मिलियन अमरीकी डालर के रियायती ऋण की पेशकश की है। इस ऋण सहायता को लागू करने के लिए 22 फरवरी 2013 को नई दिल्ली में करार पर हस्ताक्षर किए गए जिसके बाद पावर प्लांट के निर्माण के लिए एक खुली बोली निविदा निकाली गई। बोली में मैसर्स ओवरसीज इनफ्रास्ट्रक्चर एलायंस (ओ आई ए) और भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के परिसंघ ने सफलता प्राप्त की तथा यह परिसंघ परियोजना को कार्यान्वित करेगा। कोमोरोस की राजधानी शहर में 28 जुलाई 2015 को 18 मेगावाट के पावर प्लांट के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। परियोजना के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता भारतीय राजदूत तथा कोमोरोस की अनेक गणमान्य हस्तियों की उपस्थिति में कोमोरोस संघ के उपाध्यक्ष तथा वित्त मंत्री महामहिम श्री मोहम्मद अली सोइलिही द्वारा की गई। चालू हो जाने पर यह पावर प्लांट ऊर्जा दक्ष कोमोरोस को बहुत राहत प्रदान करेगा। नलसाजी, वेल्डिंग, विद्युत, सिविल कार्य, आई टी आदि में कौशल प्रदान करने के लिए मोरोनी में एक व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र (वी टी सी) सथापित करने का प्रस्ताव भारत सरकार के विचाराधीन है।

अखिल अफ्रीका ई-नेटवर्क ने सितंबर, 2010 में कोमोरोस में अपना प्रचालन शुरू किया परंतु इसका उपयोग बहुत धीमा है जिसका मुख्य कारण भाषा से जुड़ी अड़चन है। मिशन परियोजना द्वारा प्रदान की गई सुविधाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने के लिए स्थानीय सरकार पर दबाव डाल रहा है ताकि कोमोरोस के अधिक से अधिक लोगों को इससे लाभ मिल सके।

**आर्थिक मदद / सहायता :**

भारत सरकार ने 2008 में कोमोरोस में बाढ़ संकट से राहत में मदद के लिए कोमोरोस संघ को 25,000 टन गैर बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध से छूट प्रदान की थी। दिसंबर, 2012 में भारत सरकार ने अप्रैल, 2012 में मूसलाधार बारिस की वजह से हुई क्षति की भरपाई के लिए कोमोरोस 1,00,000 अमरीकी डालर की सहायता प्रदान की।

**क्षमता निर्माण कार्यक्रम :**

दक्षिण – दक्षिण सहयोग के अंग के रूप में भारत का फोकस क्षमता निर्माण पर है जिसमें अत्यधिक कुशल / तकनीकी क्षेत्रों में प्रशिक्षण शामिल है जिसके लिए ऐसे पाठ्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जो आई टी ई सी तथा भारत – अफ्रीका मंच शिखर बैठक छात्रवृत्ति के तहत प्रदान किए जाते हैं। भारत सरकार द्वारा आई टी ई सी, आई ए एफ एस कार्यक्रम आदि के तहत कोमोरोस को अनेक छात्रवृत्तियों / प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की पेशकश की जा रही है। तथापि कोमोरोस की ओर से उपयोग संतोषप्रद नहीं है जिसका कारण जागरूकता का अभाव तथा अंग्रेजी का ज्ञान न होना भी है। इस संबंध में उपयोग का डाटा निम्नलिखित है : कोमोरोस 2014-15 के दौरान आई टी ई सी के तहत 30 स्लाटों में से केवल 12 और आई ए एफ एस के तहत 2 स्लाटों में से एक तथा आई सी सी आर छात्रवृत्तियों के तहत 5 स्लाटों में से 5 का उपयोग कर सका। 2015-16 के दौरान, कोमोरोस अब तक आई टी ई सी के तहत केवल 8 स्लॉटों एवं आई ए एफ एस के तहत 1 स्लॉट का उपयोग करने में समर्थ हो पाया है।

भारत के साथ आर्थिक एवं वाणिज्यिक संबंध : भारत और कोमोरोस के बीच व्यापार स्थिर है, अपेक्षा के अनुसार नहीं बढ़ रहा है। दोनों देशों के बीच पिछले तीन वर्षों के द्विपक्षीय व्यापार के आंकड़े यहां नीचे दिए गए हैं :

*(मिलियन अमरीकी डालर में)*

| | **2011-12** | **2012-13** | **2013-14** | **2014-15** | **2015-16 (अप्रैल - सितंबर)** |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत का निर्यात | 10.98 | 20.74 | 13.70 | 17.76 | 8.20 |
| भारत का आयात | 2.96 | 8.02 | 6.59 | 11.30 | 1.98 |

*स्रोत : डी जी एफ टी*

कोमोरोस को जिन वस्तुओं का निर्यात किया जाता है उनमें मुख्य रूप से मांस एवं मांस की वस्तुएं, टेक्सटाइल एवं कपड़ा, अनाज एवं उत्पाद, इंजीनियरिंग माल आदि शामिल हैं। कोमोरोस से मुख्य रूप से मसालों तथा लोहा एवं इस्पात अपशिष्ट का आयात किया जाता है।

**भारतीय समुदाय :** इस देश में भारतीय डायसपोरा के तकरीबन 250 व्यक्ति हैं तथा उनमें से अधिकांशत: व्यापार एवं व्यवसाय में लगे हुए हैं। कोमोरोस के समग्र विकास में भारतीय समुदाय द्वारा जो भूमिका निभाई गई है उसकी सभी स्तरों पर प्रशंसा की जाती है। कुछ भारतीय बहुत प्रभावशाली हैं तथा कोमोरोस के कुल जी डी पी में उनका योगदान भी उल्लेखनीय है। भारतीय डायसपोरा कोमोरोस में भारतीय संस्कृति एवं परंपरागत मूल्यों का प्रसार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हाल के वर्षों में अनेक युवा पेशेवरों ने कोमोरोस में कुछ विदेशी कंपनियों के लिए काम करना शुरू किया है।

**सांस्कृतिक संबंध :** इस द्वीप के छोटे आकार तथा मामूली भारतीय समुदाय की वजह से दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक यात्राओं का ऐसा कोई आदान - प्रदान नहीं हुआ है जो उल्लेखनीय हो।

**उपयोगी संसाधन :**

भारतीय दूतावास, अंटानानारिवो की वेबसाइट:
www.embassyofindia.mg
भारतीय दूतावास, अंटानानारिवो का फेसबुक पेज :
https://www.facebook.com/IndiaInMadagascar
भारतीय दूतावास, अंटानानारिवो का ट्विटर अकाउंट:
https://twitter.com/indembtana
भारतीय दूतावास, अंटानानारिवो का यूट्यूब चैनल :
https://www.youtube.com/channel/UCRiM_YUXv9KnKxyVTR3XiGw

***

**जनवरी, 2016**